# HIN1A05a – Fiche d'exercices N° 11 – Transcription

**Exercice 1**
- चलो। डाड थोड़े-से इम्प्रेस तो हुए।
- तो अब तो तुम्हें अच्छा लग रहा होगा न। तुम एक नेक काम कर रहे हो।
- नेक काम। चोर है डाड।

**Exercice 2**
- कैसी आज़ादी सू, हालत देखी इस देश की ? कोई नहीं मानता है इस बकवास को।
- एक मिनट करन। मैं मानता हूँ। मुझे विश्वास है, इस देश पर, देश-भक्ति पर , वरना मैं देश के लिए क्यों लड़ता ?
- I don't know. May be तुझे शौक़ है पाइलोट बनने का, क़ीमती jet उड़ाना, sexy jacket पहनना ..
- और लड़कियाँ। लड़कियाँ तो यूनिफ़ॉर्मवालों पे मरती हैं।
- मैं .. मैं मानता हूँ, मै मानता हूँ, मुझे इन सब चीज़ों में मज़ा आता है, लेकिन फिर भी मैं इस देश के लिए जान देने के लिए तैयार हूँ। मुझे नाज़ है इस देश पर।
- नाज़ है। किस चीज़ पर ?

**Exercice 3**
- क्या जानते हो ?What do you know about me ?
- Well, यही कि तुम RJ हो, surgeon बन रही हो, बहुत ख़ूसूरत हो, बहुत अच्छा dance करती हो, superb volley-ball खेलती हो। देर से आनेवाले लोगों से तुम्हें सख़्त नफ़्रत है। और मैं तुमसे प्यार करता हूँ।

**Exercice 4**
- हाँ रेनाता। केसी है वह ?
- गूड। वह ... बेहतर है ... मेरा मतलब ...
- गुज़र गई।
- ओह I'm sorry।
- कोई बात नहीं। उन्हें भगवान पर विश्वास था तो भगवान ने उन्हें अपने पास बूला लिया।
- क्या है यह ?
- आपके लिए मेरी माँ का ख़त। उन्हें आपसे उम्मीद थी कि मुझे कोई नौकरी मिल जाए, यहाँ।
- हाँ मिलेगी। गूस्टो कभी इनकार नहीं करता। रेनाता के बेटे को कौन न करे।
- हाँ फिलहाल इसे फ़ाइल कर देते हैं और जब भी किसी आदमी की ज़रूरत पड़े तो ...
- हमने इसे रख लिया है।
- क्या ? तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई मेरे इजाज़त के बग़ैर किसी आदमी को तुम...
- हमें सफाईवाले की ज़रूरत थी।
- ओह सफ़ाई के लिए। तो चलो मसला हल हो गया।

**Exercice 5**
- मुझे लगा कि मिस्टर नटवर आ गए हैं। इसलिए दरवाज़े की बजाय मैं बैलकॅनी से निकला और पाइप से होकर सोन्या मडम के बेडरूम में जा पहुँचा। जैसे बेडरूम से निलकलनेवाला था कि नीचे राज और प्रिया की आवाज़ सुनाई दी
- मडम मैं आपका बच्चा लेकर आ गया। सॉरि। मडम, हम आपका बच्चा लेकर आ गए।
- मैंने छुपकर देखा। ये दोनों बच्चा लेकर आ गए थे।

**Exercice 6**
- हे कुन्ती छोड़ उसे। इधर आ। इधर आओ
- जा।
- बेचारी, तुझे देखकर बड़ा तरस आ रहा है मुझे।

**Exercice 7**
- चलो सब हो गया। अब वापस चलें। बहुत भूख लगी है यार।
- अरे mineral water तो ख़रीदना बाक़ी रह गया।
- अरे mineral water तो पीछेवाली दुकान में मिल रहा था। तुम लोग यह सब सामान लेकर jeep की तरफ़ चलो, मैं लेकर आता हूँ।
- तुझे तो सिर्फ़ खाने की पड़ी है। खाने के अलावा कुछ आता है क्या ?

**Exercice 8**
- देख सौतेली माँ, मैं तो इधर गाव से इस्तम्बूल आ गया। अब तू भी भागके आ जा। हाँ पर तू यहाँ पे आएगी तो यहाँ की बड़ी-बड़ी इमारतें देखके डर जाएगी। मुझे यहाँ डर नहीं लगता। जानती क्यों ? यहाँ न तो स्कूल है, न बापू, न बापू की छड़ी।

**Exercice 9**
- जब मैं स्यूपरस्टार बनूँगा न तो मैं भी बिलकुल ऐसी बँगला बनाऊँगा। बेल कहाँ है ? यह दरवाज़ा अपने आप कैसे खुल गया ?
- नीचे देखो। इसकी माँने हमारे लिए गेट खुला ही छोड़ा है।
- हाँ गेट खुला छोड़ने की आदत है न। इसीलिए बच्चा बाहर निकल गया होगा।
- चलो। / - चलो।

**Exercice 10**
- इस ग्लॉबल वॉर्मिंग ने मुझे तंग कर दिया है।
- यह बहुत गर्म है, आइस एज बहुत ज़्यादा ठंडी थी। न जाने तुम्हें कौनसी चीज़ से ख़ुशी मिलेगी।
- यह अच्छा हुआ।

**Exercice 11**
- Hands up !
- हे गोली मत चालना, मैंने कुछ नहीं किया, मैं ख़ूनी नहीं हूँ।
- कुछ किया नहीं। और फिर भी पता है कि यहाँ पर ख़ून हुआ है।
- अब पुलीस आई है तो ख़ून तो हुआ ही होगा सर।

**Exercice 12**
- शांति रहो।
- वह तेरे गम्ब्लर बाबा का मुझे अड्रेस दे। गम्ब्लर बाबा का अड्रेस दे मुझे।
- अरे भाई, मैं मानता हूँ इतना हारने के बाद भी कि आपको गम्ब्लर बाबा से मिलने की इच्छा हो रही है ...
- इच्छा । मेरी इच्छा साले को गुफा से निकालके लात मारने की हो रही है ताकि सला कभी किसी को गोटिया न दे।

**Exercice 13**
- ज़रा यह पढ़िए, मिस्टर अवस्थी।
- यह कैसे पढ़ सकता हूँ ? यह तो Chinese में है।
- अरे कोशिश तो कीजिए, चलिए, ध्यान दीजिए।
- क्या बेकार की बात कर रहे हैं। मैं कैसे पढ़ सकता हूँ इसको ?
- आप बदतमीज़ी कर रहे हैं। आपका रवैया ठीक नहीं है।
- यह ..
- आप शैतानी कर रहे हैं.... कुछ ऐसी ही कैफ़ियत होती होगी ईशान की। अक्षर ही समझ में नहीं आते होंगे। इस पढ़ने लिखने की तकलीफ़ को डिसलेक्सिया कहते हैं। कभी-कभी बच्चे को डिसलेक्सिया के साथ-साथ और भी तकलीफ़ें हो सकती हैं। जैसे कि multiple instructions समझने में दिक़्क़त। Turn to page 65, chapter 9, para 4, line 2. Confusion. या फिर poor final gross motor skills क्या ईशान को अपनी shirt के बटन या जूते की lace बांधने में तकलीफ़ होती है ?
- हाँ।
- योहान, जब तुम उसकी तरफ़ ball फेंकते हो क्या वह पकड़ पाता है ?
- वह ball को कभी judge ही नहीं कर पाता।
- क्योंकि वह size, distance और speed, इन तीनों को एक साथ समझ ही नहीं पाता।